उत्तर प्रदेश शासन
चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1
संख्या- 141/2018/1585/71-1-2018-जी-200/2016
लखनऊ : दिनांक 28 मई, 2018

<u>कार्यालय-ज्ञाप</u>

डा0 दिनेश चन्द्र, चिकित्साधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जखनियॉ सम्बद्ध प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बिरनो, गाजीपुर को सेवा स्थानान्तरण के आधार पर राजकीय मेडिकल कालेज, आजमगढ़ में रिक्त चिकित्सा अधीक्षक के पद पर शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1197/71-1-2016-जी-200/2016, दिनॉक 10-08-2016 द्वारा 01 वर्ष अथवा लोक सेवा आयोग से चयनित अभ्यर्थी उपलब्ध होने, जो भी पहले घटित हो, तक के लिए, तैनात किया गया था। डा0 दिनेश चन्द्र की सेवा स्थानान्तरण अवधि कार्यालय ज्ञाप संख्या-112/2017/1921/71-1-2017-जी-200/2016, दिनॉक 31-08-2017 द्वारा दिनॉक 10-08-2017 के पश्चात् एक वर्ष तक के लिए बढ़ायी गयी थी। उक्त अवधि दिनॉक 10-08-2018 को समाप्त हो रही है।

2- प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, आजमगढ़ के पत्र दिनॉक 13.04.2018 तथा महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण के पत्र दिनॉक 20.04.2018 द्वारा की गई संस्तुति पर सम्यक विचारोपरान्त डा0 दिनेश चन्द्र, चिकित्सा अधीक्षक, राजकीय मेडिकल कालेज, आजमगढ़ को एतद्द्वारा उनके मूल विभाग चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में वापस किया जाता है।

शमीम अहमद खान
विशेष सचिव

<u>संख्या:- 141/2018/1585(1)/71-1-2018- तद्दिनांक</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 लखनऊ।
3- महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ।
4- प्रधानाचार्य, राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेज, आजमगढ़।
5- वित्त नियंत्रक, राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेज, आजमगढ़।
6- मुख्य चिकित्साधिकारी, गाजीपुर।
7- कोषाधिकारी, आजमगढ़।
8- चिकित्सा अनुभाग-3
9- संबंधित चिकित्सा शिक्षक/गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(शमीम अहमद खान)
विशेष सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in